Adda247

GET IT ON Google Play

SEAL

सीरीज : B

# 2011

क्रमांक..

## कोड : SPU – 02

### प्रश्नपत्र

| भाग | विषय | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 01 से 80 | 100 |
| 2 | संख्यात्मक योग्यता परीक्षा | 81 से 120 | 50 |
| 3 | तार्किक परीक्षा | 121 से 160 | 50 |
| समय : 2 घण्टे | प्रत्येक प्रश्न – 1.25 अंक | कुल प्रश्न 160 | पूर्णांक 200 |

अपना अनुक्रमांक अंकों में लिखें

अपना अनुक्रमांक शब्दों में लिखें

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न पुस्तिका को न खोलें**

**अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।**

**महत्वपूर्ण अनुदेश**

1. उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक व प्रश्न पुस्तिका सीरीज अंकित करें और उत्तर पत्रक पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और शून्य अंक दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरी गयी सूचना को मशीन द्वारा पढ़ा जायेगा। यदि सूचना अपूर्ण है अथवा आवेदन पत्र में दी गयी सूचना से भिन्न है तो ऐसे अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा।
2. इस प्रश्न पुस्तिका के प्रथम भाग में 80 प्रश्न एवं द्वितीय व तृतीय भाग में 40-40 प्रश्न (कुल 160 प्रश्न) हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। इनमें से एक उत्तर को चुन लें जिसे उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि ऐसा लगे कि एक से अधिक उत्तर सही है तो उस उत्तर को उत्तर पत्रक पर अंकित करें जो अभ्यर्थी को सबसे अधिक सही लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिये केवल एक ही उत्तर चुनें तथा ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में प्रश्न के सामने दिये गये सम्बन्धित गोले को **काले अथवा नीले बाल प्वाइन्ट पेन** से ही सही तरह से भरें। पेन्सिल का प्रयोग वर्जित है। गलत तरीके से भरे गये गोले के लिए कोई अंक नहीं दिये जायेंगे। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जांचा नहीं जायेगा। व्हाइटनर, ब्लेड का प्रयोग वर्जित है। इसके प्रयोग से ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरी गयी सूचना को मशीन द्वारा नहीं पढ़ा जा सकेगा।
3. अभ्यर्थी ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक को खाली न छोड़ें।
4. प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर पत्रक पर ही देने हैं। इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर उत्तर अंकित नहीं करने हैं। उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में दिये गये निर्देशों के अनुसार भरे जायें।
5. इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि उत्तर संख्या वही हो जो प्रश्न संख्या है। गलत उत्तर संख्या भरने से प्रश्न का उत्तर गलत हो सकता है।
6. प्रश्न पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें। यदि रफ कार्य करना चाहते हैं तो प्रश्न पुस्तिका के अन्त में दिये गये रफ शीट का प्रयोग करें।
7. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका में कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हों। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
8. परीक्षा के उपरान्त अभ्यर्थी ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक कक्ष अन्तरीक्षक को लौटा दें। अन्तरीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक की दूसरी (अन्तिम) प्रति हस्तगत की जायेगी जिसे प्राप्त करने के पश्चात् ही कक्ष को छोड़ने की अनुमति दी जायेगी। प्रश्न पुस्तिका तथा उत्तर पत्रक की द्वितीय प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
9. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन न करने पर अभ्यर्थी पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है, या दण्ड दिया जा सकता है।
10. गलत उत्तर के लिये कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।
11. अभ्यर्थी को प्रत्येक भाग में पृथक-पृथक 40 प्रतिशत अर्हकारी अंक व कुल अंकों के योग का 50 प्रतिशत औसत अंक निम्न तालिका के अनुसार प्राप्त करना आवश्यक है :-

| भाग-1 | भाग-2 | भाग-3 | भाग- 1+2+3 |
|---|---|---|---|
| 40 प्रतिशत | 40 प्रतिशत | 40 प्रतिशत | 50 प्रतिशत |

12. अभ्यर्थी अपना नाम या किसी प्रकार का पहचान चिन्ह उत्तर पत्रक पर अंकित न करें। ऐसा पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
13. उत्तर पत्रक को मशीन द्वारा पढ़ा जायेगा। उत्तर पत्रक में किसी प्रकार का मोड़, किनारे का फटना, इंक के अनावश्यक निशान या फटना मशीन के लिए बाधक हो सकता है। अत: उत्तर पत्रक को साफ, सम्पूर्ण व केवल अपेक्षित स्थानों पर ही गोला भरें।

SEAL

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS

NABARD

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

# भाग-1 ( सामान्य ज्ञान )

1. शेरशाह ने ग्राँड ट्रंक रोड इनको जोड़ने के लिये बनवाई थी :
   (A) आगरा को आसाम से
   (B) आगरा को कन्नौज से
   (C) आगरा को सासाराम से
   (D) आगरा को अहमदनगर से

2. Rh कारक का नाम किसके आधार पर पड़ा ?
   (A) बन्दर के
   (B) चूहे के
   (C) मनुष्य के
   (D) चिम्पैन्जी के

3. भारत की विदेशी मुद्रा अधिकतम इस मद में खर्च होती है :
   (A) खाद्य आयात पर
   (B) पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर
   (C) लोहे और स्टील के आयात पर
   (D) प्रौद्योगिकी जानकारी के आयात पर

4. दुनिया में कुल टिन का $\frac{2}{3}$ भाग यहाँ से आता है :
   (A) चीन
   (B) बोलिविया
   (C) मलेशिया
   (D) नाईजीरिया

5. 2012 आलिम्पिक खेल यहाँ होंगे :
   (A) सिडनी
   (B) पेरिस
   (C) नई दिल्ली
   (D) लन्दन

6. मीरा बहन इनकी अनुयायी थी :
   (A) विनोबा भावे
   (B) जय प्रकाश नारायण
   (C) महात्मा गाँधी
   (D) सरदार पटेल

7. गाँधी जी का डाण्डी मार्च यहाँ से प्रारम्भ हुआ :
   (A) बारडोली
   (B) अहमदाबाद
   (C) सूरत
   (D) बम्बई

8. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना इस वर्ष प्रारम्भ हुई :
   (A) 1950
   (B) 1951
   (C) 1952
   (D) 1953

9. भाखड़ा नाँगल बाँध किस नदी के ऊपर बना है ?
   (A) कोसी
   (B) झेलम
   (C) ब्यास
   (D) सतलज

Adda247
GET IT ON Google Play

10. वास्को डि गामा था एक :

(A) आस्ट्रेलियन नाविक (B) पुर्तगाली खोज़ी
(C) ब्रिटिश खोज़ी (D) फ्रान्सीसी नाविक

11. किसने भारत का समुद्री रास्ता खोजा ?

(A) वास्को द गामा (B) कोलम्बस (C) हापकिन्स (D) मागेलन

12. भारतीय सेना के सेन्ट्रल कमाण्ड का मुख्यालय यहाँ है :

(A) लखनऊ (B) जयपुर (C) पूना (D) चण्डीगढ़

13. 'रियूटर' इसकी समाचार एजेन्सी है :

(A) यू.के. (B) यू.एस.ए. (C) रूस (D) जर्मनी

14. धान कहाँ की मुख्य फ़सल है :

(A) भारत (B) रुस (C) चीन (D) जापान

15. 'कंगारु' इस देश का राष्ट्रीय प्रतीक है :

(A) कनाडा (B) इटली (C) आयरलैण्ड (D) आस्ट्रेलिया

Adda247

16. दिल्ली मेट्रो के प्रचालन में सबसे अधिक योगदान किसका है ?

(A) भारती मित्तल (B) अनिल अम्बानी (C) रतन टाटा (D) श्रीधरन

17. 1980 में 'भारत रत्न' देने की प्रणाली को पुन: स्थापित किया गया, इस समय इन्हें दिया गया :

(A) विनोबा भावे (B) मदर टेरेसा (C) एम.जी. रामचन्द्रन (D) वी.वी. गिरि

18. FTP है :

(A) एक Use Net समाचार समूह (B) इन्टरनेट से फाइल भेजने और प्राप्त करने की विधि
(C) एक जावा एपलेट (D) एक IRC सुगमीकरण

Adda247 GET IT ON Google Play

19. लन्दन में वेम्बले मैदान इस खेल से सम्बन्धित है :

(A) क्रिकेट (B) टेनिस (C) हाकी (D) फुटबाल

20. 'रियाल' इसकी मुद्रा है :

(A) सऊदी अरब (B) बांग्लादेश (C) अफगानिस्तान (D) मलेशिया

21. निम्नलिखित में से कौन सी सेलफ़ोन फर्म नहीं है ?

(A) आइडिया (B) रिलायन्स (C) एच.सी.एल. (D) एयरसैल

22. "The Gateway of India" यहाँ स्थित है :

(A) मुम्बई (B) दिल्ली (C) कोची (D) बैंगलूरु

23. एक किलो मक्खन मनुष्य के लिये एक किलो शर्करा से अधिक ऊर्जावान है क्योंकि :

(A) शर्करा में मक्खन से अधिक पानी होता है।

(B) मक्खन प्राणियों का उत्पाद है जबकि शर्करा पौधों का।

(C) एक वसा अणु में शर्करा अणु से अधिक C - H बन्ध होते हैं।

(D) शर्करा के पाचन व अवशोषण में मक्खन से अधिक ऊर्जा व्यर्थ होती है।

24. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का राज्य नहीं है ?

(A) तेलंगाना (B) उत्तराखण्ड (C) छत्तीसगढ़ (D) झारखण्ड

25. प्रतिध्वनि उत्पन्न होने का कारण है ध्वनि का :

(A) अपवर्तन (B) अवशोषण (C) परावर्तन (D) विवर्तन

26. 'हिन्दी दिवस' इस दिन मनाया जाता है :

(A) 11 जून (B) 28 सितम्बर (C) 14 सितम्बर (D) 10 अक्टूबर

27. भारत की एण्टी-टैंक मिसाइल है :

(A) आकाश (B) नाग (C) अग्नि (D) पृथ्वी

Adda247
GET IT ON Google Play

28. निम्न में से गेहूँ की खेती के लिये कौन सी मिट्टी उचित है ?

(A) काली मिट्टी (B) लाल मिट्टी (C) भूरी मिट्टी (D) दोमट मिट्टी

29. सबसे पुराना हिन्दु महाकाव्य है :

(A) महाभाष्य (B) रामायण (C) अष्टध्यायी (D) महाभारत

30. "Runs and Ruins" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) सचिन तेन्दुलकर (B) इमरान खान (C) कपिल देव (D) सुनील गावस्कर

31. 'रोडेशिया' देश का नया नाम क्या है ?

(A) जैरे (B) जिम्बाब्वे (C) तन्जानिया (D) स्वाजीलैण्ड

32. इन्टरनेट सूचना सेवा के लिये कौन सा परिवहन प्रोटोकॉल आवश्यक है ?

(A) Net BEUI (B) NW Link (C) ATM (D) TCP/IP

33. 1969 में कितने बैकों का राष्ट्रीयकरण हुआ ?

(A) 14 (B) 15 (C) 16 (D) 20

34. AIDS का कारण है :

(A) रुधिर केन्सर (B) TMN विषाणु

(C) जीवाणु (D) HIV (मानव प्रतिरक्षा न्यूनता विषाणु)

35. 'गार्डन आफ इंगलैंड' यहाँ है :

(A) लन्दन (B) मानचेस्टर (C) डबलिन (D) केन्ट

36. निम्नलिखित में से अब कौन सा मूलभूत अधिकार नहीं है ?

(A) समानता का अधिकार (B) सम्पत्ति का अधिकार

(C) शोषण के विरुद्ध अधिकार (D) बोलने की स्वतन्त्रता का अधिकार

Adda247 GET IT ON Google Play

37. 'बाक्साइट' इसका महत्वपूर्ण अयस्क है :

(A) एल्युमिनियम (B) जस्ता (C) ताँबा (D) माइका

38. 'मोना लिसा' की प्रसिद्ध कलाकृति का चित्रकार कौन था?

(A) लियानार्डो द विंसी (B) पैबलो पिकासो

(C) एफ.ए. बार्थोल्डी (D) हेनरी स्मिथ

39. लाल रक्त सैल के निर्माण के लिये निम्न में से क्या आवश्यक है?

(A) विटामिन C (B) फोलिक अम्ल (C) कैलशियम (D) विटामिन A

40. निम्नलिखित में से कौन कठोर जल में उपस्थित है?

(A) कैलशियम (B) एल्युमिनियम (C) सोडियम (D) क्लोरीन

41. यह संघ शासित क्षेत्र पहले एक पुर्तगाली कालोनी थी :

(A) दादरा (B) दमन (C) नागर हवेली (D) गोआ

42. वन्य जीव संरक्षण का सबसे प्रभावी तरीका है :

(A) परभक्षियों को दूर भगाना (B) प्राकृतिक आवासों का परिरक्षण

(C) रोगों के विरुद्ध टीका लगाना (D) प्रजनन नीति को इष्टतम करना।

43. सर्वोत्तम विद्युत चालक है :

(A) लोहा (B) एल्युमिनियम (C) ताँबा (D) चाँदी

44. राज्य सभा में भारत का राष्ट्रपति कितने सदस्य मनोनीत कर सकता है?

(A) 2 (B) 8 (C) 10 (D) 12

45. जलियाँवाला बाग में गोली मारने के आदेश इन्होंने दिये :

(A) लार्ड साइमन (B) रौलेट (C) डायर (D) कर्जन

Adda247 GET IT ON Google Play

46. हल्दी घाटी का युद्ध इस वर्ष में लड़ा गया :
(A) 1526 (B) 1576 (C) 1605 (D) 1660

47. भारत का राष्ट्रीय पशु है :
(A) गाय (B) बाघ (C) चीता (D) हाथी

48. राष्ट्रीय सुरक्षा का दायित्व इनके ऊपर है :
(A) राष्ट्रपति (B) प्रधान मन्त्री (C) मन्त्री समूह (D) केबिनेट

49. संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रीय खेल है :
(A) फुटबाल (B) रग्बी (C) वालीबाल (D) बेसबाल

50. निम्न ताप पर जीवों के परीक्षण का अध्ययन कहलाता है :
(A) यूरोलॉजी (B) क्रायो-बायोलॉजी (C) कार्डियोलॉजी (D) डर्मेटोलॉजी

51. 'हैरी पाटर' है एक :
(A) राजा (B) उपन्यास का प्रसिद्ध चरित्र
(C) हवाई सेवा का नाम (D) प्रसिद्ध स्थान

52. भारत में सर्व प्रथम आम चुनाव कब हुये ?
(A) 1947 (B) 1949 (C) 1950 (D) 1951

53. हमारे राष्ट्रीय केलेण्डर का प्रथम मास है :
(A) भादों (B) फाल्गुन (C) चैत्र (D) कार्तिक

54. वायु सेना के पद "Air Marshal" के समतुल्य थल सेना में पद है :
(A) जनरल (B) लेफ्टीनेण्ट जनरल (C) मेजर जनरल (D) कर्नल

55. डिआगो गार्शिया यहाँ स्थित है :
(A) प्रशान्त महासागर (B) हिन्द महासागर
(C) अटलाँटिक महासागर (D) आर्कटिक महासागर

Adda247
GET IT ON Google Play

56. नयी दुनिया (पश्चिम) से पुरानी दुनिया (पूर्व) में निम्न में से कौन सा एक पौधा प्रविष्ट क

(A) गन्ना (B) गेहूँ (C) धान (D) आलू

57. नोबल पुरस्कार प्रथम भारतीय को किस विषय में मिला ?

(A) साहित्य (B) भौतिक शास्त्र (C) अर्थ शास्त्र (D) शान्ति

58. फ्रायड का सम्बन्ध इससे है :

(A) जासूसी (B) शरीर विज्ञान और दवा
(C) मनोविज्ञान (D) कोढ़ नियन्त्रण

59. भारत में रुपये का सिक्का सर्वप्रथम इनके शासन में प्रारम्भ हुआ :

(A) शाहजहाँ (B) रज़िया बेगम (C) शेरशाह सूरी (D) ईस्ट इण्डिया कम्पनी

60. 'डेविस कप' ट्राफी इस खेल से सम्बन्धित है :

(A) टेनिस (B) फुटबाल (C) हाकी (D) वालीबाल

61. पहली भारतीय F1 कार दौड़ के विजेता थे :

(A) माइकल शूमाकर (B) सेबस्तियान वेटेल
(C) फेलिपे मासा (D) माइकल जार्डन

62. इन गुरु ने सिख समुदाय का एक अभिन्न अंग 'लंगर' को बनाया :

(A) गुरु राम दास (B) गुरु अमर दास (C) गुरु हर राय (D) गुरु हर किशन

63. प्रकाश-रासायनिक धूम-कोहरे में हमेशा होता है :

(A) एल्युमिनियम आयन (B) मेथेन
(C) ओज़ोन (D) फास्फोरस

64. राष्ट्रीय गीत सर्वप्रथम कहाँ और कब गाया गया ?

(A) कलकत्ता में 24 जनवरी 1950 को। (B) इलाहाबाद में 24 जनवरी 1950 को।
(C) दिल्ली में 24 जनवरी 1950 को। (D) कलकत्ता में 27 दिसम्बर 1911 को।

Adda247
GET IT ON Google Play

65. मारुति कार कम्पनी हरियाणा के बाहर अपना प्लाण्ट कहाँ लगाने जा रही है ?

(A) उत्तर प्रदेश (B) पश्चिम बंगाल (C) महाराष्ट्र (D) गुजरात

66. विश्व में सबसे बड़ा धर्म कौन सा है ?

(A) इस्लाम (B) हिन्दुत्व (C) जूड़ा (D) ईसाई

67. हमारे राष्ट्रीय गीत का अनुवाद किसने किया ?

(A) रबीन्द्र नाथ टैगोर (B) बंकिम चन्द्र चटर्जी

(C) श्री अरबिन्दो (D) महात्मा गाँधी

68. राष्ट्रीय ध्वज आयताकार है। इसकी लम्बाई का चौड़ाई से अनुपात है :

(A) 2 : 1 (B) 3 : 2 (C) 4 : 3 (D) 5 : 3

69. वातावरण को प्रदूषित करने वाले अत्यधिक हानिकारक प्रकार है :

(A) मानव कार्बनिक अपशिष्ट (B) भरणस्थान से अपशिष्ट

(C) अजैव निम्नीकरणीय रसायन (D) प्राकृतिक पोषक

Adda247

70. निम्नलिखित में से किसे नोबल पुरस्कार दो बार मिला ?

(A) जान बारडीन (B) सी.वी.रमन (C) अब्दुस सलाम (D) रबीन्द्र नाथ टैगोर

71. सौर ऊर्जा का स्रोत है :

(A) नाभिकीय संलयन (B) नाभिकीय विखंडन

(C) सूर्य का संकुचन (D) सूर्य का प्रसार

72. पिछली जनगणना कब हुई थी ?

(A) 2011 (B) 2001 (C) 2010 (D) 2005

Adda247
GET IT ON Google Play

73. किसने 'स्वामी' चरित्र का निर्माण किया ?

(A) आर.के. नारायण (B) आर.के. लक्ष्मण

(C) मुल्क राज आनन्द (D) महात्मा गाँधी

74. सीमा सुरक्षा बल (BSF) बनाया गया :

(A) 1947 में (B) 1950 में (C) 1960 में (D) 1965 में

75. "People's Daily" समाचार पत्र इस देश से छपता है :

(A) बाँग्ला देश (B) पाकिस्तान (C) चीन (D) कोरिया

76. विटामिन A का संश्लेषण होता है :

(A) रक्त में (B) प्लीहा में (C) यकृत में (D) अग्न्याशय में

77. संयुक्त राष्ट्र की किस शाखा का मुख्य कार्यालय पेरिस में हैं ?

(A) UNICEF (B) ILO (C) UNESCO (D) FAO

78. पीतल इनका मिश्र-धातु है :

(A) ताँबा और टिन (B) ताँबा और जस्ता (C) जस्ता और लोहा (D) ताँबा और लोहा

Adda247

79. दो जातियों के बीच पारस्परिक क्रिया में परजीविता होने पर :

(A) दोनों की हानि होती है।

(B) दोनों को लाभ होता है।

(C) एक को लाभ और दूसरे को न हानि न लाभ होता है।

(D) एक को लाभ और दूसरे को हानि होती है।

80. विश्व में पेट्रोल की कीमतें इससे निर्धारित होती है :

(A) IMF (B) IBRD (C) रिजर्व बैंक (D) OPEC

Adda247

GET IT ON Google Play

## भाग-2 ( संख्यात्मक योग्यता परीक्षा )

81. 3 से.मी. त्रिज्या वाले एक ताँबे के गोले को पीटा जाता है और 0.2 से.मी. व्यास के एक तार में खींचा जाता है। तार की लम्बाई है :

(A) 24 मीटर (B) 36 मीटर (C) 18 मीटर (D) 12 मीटर

82. एक सफर में एक पर्यटक बस सफर की 20% दूरी 10 कि.मी./घण्टा, 60% दूरी 30 कि.मी. प्रति घण्टा और शेष सफर 20 कि.मी./घण्टा की चाल से तय करती है। पूरे सफर की औसत चाल है :

(A) 10 कि.मी./घण्टा (B) 15 कि.मी./घण्टा (C) 20 कि.मी./घण्टा (D) 25 कि.मी./घण्टा

83. एक कक्षा में 70% छात्र हिन्दी पढ़ते हैं, 40% छात्र लड़के हैं और 20% लड़कियाँ हिन्दी नहीं पढ़ती हैं। कितने प्रतिशत लड़के हिन्दी पढ़ते हैं ?

(A) 16% (B) 22% (C) 48% (D) 55%

84. एक टंकी को एक नली से 4घण्टे में भरा जा सकता है, किन्तु रिसाव के कारण टंकी को भरने में दो घण्टे का अतिरिक्त समय लगता है। रिसाव के कारण टंकी को पूरी तरह खाली होने में कितने घण्टे लगेंगे ?

(A) 6 घण्टे (B) 8 घण्टे (C) 10 घण्टे (D) 12 घण्टे

85. यदि कोई राशि, चक्रवृद्धि ब्याज पर तीन वर्ष में तीन गुनी हो जाती है, तब वह 9 गुनी कितने वर्षों में होगी ?

(A) 18 वर्ष (B) 12 वर्ष (C) 9 वर्ष (D) 6 वर्ष

86. 3 और 4 बजे के बीच किस समय पर घड़ी की दोनों सुइयाँ एक साथ होंगी ?

(A) 3 बजकर $16\frac{4}{11}$ मिनट (B) 3 बजकर $38\frac{2}{11}$ मिनट

(C) 3 बजकर $19\frac{5}{11}$ मिनट (D) 3 बजकर $34\frac{10}{11}$ मिनट

87. 33 मीटर कपड़ा बेचने पर, एक दुकानदार को 11 मीटर कपड़े बेचने के मूल्य के बराबर लाभ प्राप्त होता हैं। लाभ प्रतिशत है :

(A) $33\frac{1}{3}\%$ (B) $66\frac{2}{3}\%$ (C) 25% (D) 50%

Adda247

GET IT ON Google Play

88. किसी परीक्षा में एक छात्र को किसी संख्या का $\frac{3}{14}$ बताने को कहा गया लेकिन भूल से उसने संख्या का $\frac{\text{[illegible]}}{4}$ बता दिया। उसका उत्तर सही उत्तर से 150 अधिक था। सही संख्या है :

(A) 180 (B) 210 (C) 240 (D) 280

89. यदि $a*b = a + b + ab$, तब $(3*4 - 2*3)$ का मान है :

(A) 12 (B) 10 (C) 8 (D) 6

90. A, B एवं C के बीच 671 ₹ की राशि इस ढंग से बाँटी जाती है कि यदि उनके हिस्से की राशि में क्रमश: 3 ₹ , 7 ₹ एवं 9 ₹ की वृद्धि कर दी जाये तो राशि 1 : 2 : 3 के अनुपात में हो जाती है। A के हिस्से की राशि है :

(A) 112 ₹ (B) 223 ₹ (C) 336 ₹ (D) 559 ₹

91. एक व्यक्ति 4 कि.मी./घण्टा की चाल से चल कर एक वर्गाकार पार्क के विकर्ण को 3 मिनट में पार करता है। पार्क का क्षेत्रफल है :

(A) $2 \times 10^4$ (मी.)$^2$ (B) $2.5 \times 10^4$ (मी.)$^2$ (C) $4 \times 10^4$ (मी.)$^2$ (D) $10^4$ (मी.)$^2$

92. 12 पुरुषों के 17 दिन के भोजन पर 1105 ₹ का खर्च आता है। 27 दिन के भोजन के लिये 1170 ₹ का खर्च कितने पुरुषों के लिए काफ़ी होगा ?

(A) 8 पुरुष (B) 12 पुरुष (C) 14 पुरुष (D) 16 पुरुष

93. एक व्यापारी ने एक मिक्सर को 12.5% घाटा उठाकर 420 ₹ में बेचा। 12.5% लाभ कमाने के लिये उसे वह मिक्सर कितने रुपये में बेचना चाहिये था ?

(A) 540 ₹ (B) 600 ₹ (C) 680 ₹ (D) 520 ₹

94. 6, 8 और 12 का चौथा अनुपात है :

(A) 15 (B) 16 (C) 18 (D) 24

95. एक रेलगाड़ी 9 कि.मी./घण्टे की चाल से दौड़ रहे व्यक्ति को 40 सैकिण्ड में पार करती है, और 6 कि.मी./घण्टे की चाल से उसी दिशा में दौड़ रहे एक दूसरे व्यक्ति को 30 सैकिण्ड में पार करती है। रेलगाड़ी की लम्बाई है :

(A) 40 मीटर (B) 60 मीटर (C) 80 मीटर (D) 100 मीटर

96. जब 75 में किसी संख्या का 75% जोड़ा जाता है, तो परिणामत: वही संख्या निकलती है। संख्या है :

(A) 150 (B) 300 (C) 450 (D) 600

Adda247 GET IT ON Google Play

97. 55 लिटर मिलावटी दूध में दूध और पानी का अनुपात 7 : 4 है। इसमें कितना पानी मिलाया जाए कि अनुपात 7 : 6 हो जाए ?

(A) 25 लिटर (B) 20 लिटर (C) 15 लिटर (D) 10 लिटर

98. विपिन ने 5% प्रतिवर्ष के साधारण ब्याज पर छः वर्ष के लिये एक ऋण लिया। यदि उसने ब्याज के रूप में कुल मिलाकर 1230 ₹ का भुगतान किया तब मूलधन था :

(A) 4100 ₹ (B) 4920 ₹ (C) 5000 ₹ (D) 5300 ₹

99. यदि $\log_8 x + \log_{64} (x+2)^2 = 1$, तब $x$ का मान है :

(A) 2 (B) 4 (C) 8 (D) 64

100. 800 ₹ की राशि चक्रवृद्धि ब्याज की 5% वार्षिक दर से कितने समय के पश्चात् 882 ₹ हो जाएगी ?

(A) 1 वर्ष (B) 2 वर्ष (C) 3 वर्ष (D) 4 वर्ष

101. यदि $x + \frac{1}{x} = 2$, तब $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का मान है :

(A) 2 (B) 4 (C) 8 (D) 16

102. दो संख्याओं का अनुपात 3 : 8 है और अन्तर 115 है। दोनों में से बड़ी संख्या है :

(A) 69 (B) 115 (C) 184 (D) 230

103. 2100 ₹ की राशि 3000 पुरुषों एवं महिलाओं के बीच इस प्रकार से बाँटी गई कि प्रत्येक पुरुष को 1 ₹ और प्रत्येक महिला को 50 पैसे प्राप्त हुए। पुरुषों की संख्या है :

(A) 700 (B) 1200 (C) 1500 (D) 1800

104. पाँच घंटिया पहले एक साथ और उसके बाद 3 , 5 , 7 , 8 एवं 10 सेकिण्ड के अन्तराल पर बजती हैं। वे पुनः एक साथ कितने मिनट के बाद बजेंगी ?

(A) 12 मिनट (B) 14 मिनट (C) 15 मिनट (D) 16 मिनट

105. 900 $m^2$ क्षेत्रफल के एक वर्ग के कोनों से चार समद्विबाहु त्रिभुज काटे जाते हैं। नये छोटे वर्ग का क्षेत्रफल है :

(A) 225 $m^2$ (B) $225\sqrt{2}$ $m^2$ (C) $450\sqrt{2}$ $m^2$ (D) 450 $m^2$

Adda247

GET IT ON Google Play

106. किसी संख्या को 5 से भाग करने पर शेष 3 रह जाता है। उसी संख्या के वर्ग को 5 से भाग करने पर शेष रहेगा :

(A) 1 (B) 3 (C) 4 (D) 9

107. गणना करने पर 12 छात्रों के औसत अंक 40 निकाले गये। लेकिन बाद में यह पता चला कि एक छात्र के अंक गल्ती से 54 की जगह 42 तथा एक अन्य छात्र के 50 की जगह 74 जोड़ दिये गये थे। सही औसत है :

(A) 43 (B) 41 (C) 40 (D) 39

108. अकेला A किसी काम को 5 दिनों में और अकेला B उसी काम को 4 दिनों में पूरा कर सकता है, तथा A, B,एवं C मिलकर उसी काम को 2 दिनों में पूरा कर सकते हैं। अकेला C उस काम को कितने दिनों में पूरा करेगा?

(A) 15 दिन (B) 18 दिन (C) 20 दिन (D) 12 दिन

109. एक समचतुर्भुज की भुजा और एक विकर्ण क्रमश: 25 एवं 40 मीटर है। इसका क्षेत्रफल है :

(A) 1000 (मी.)$^2$ (B) 500 (मी.)$^2$ (C) 625 (मी.)$^2$ (D) 300 (मी.)$^2$

110. किसी वर्ग की भुजा में 20% की वृद्धि की जाती है, उसके क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?

(A) 20% (B) 40% (C) 44% (D) 400%

111. पानी से पूरी तरह भरे हुये एक पात्र का भार 16.5 किलोग्राम है। जब यह पात्र $\frac{1}{4}$ भरा होता है, तब उसका भार 5.25 किलोग्राम होता है। खाली पात्र का भार है :

(A) 0.5 किलोग्राम (B) 1 किलोग्राम (C) 1.5 किलोग्राम (D) 2 किलोग्राम

112. किसी कामगार के जून के वेतन के प्रति जुलाई के वेतन का $2\frac{1}{2} : 2\frac{1}{4}$ का अनुपात था। जून का वेतन जुलाई के वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम था?

(A) 10% (B) $11\frac{1}{9}$% (C) $9\frac{1}{11}$% (D) 25%

113. किसी संख्या का $\frac{1}{4}$ भाग अगली संख्या के $\frac{1}{5}$ भाग से 3 अधिक है। संख्या है :

(A) 16 (B) 64 (C) 60 (D) 56

Adda247
GET IT ON Google Play

**114.** एक स्कूल में केवल तीन कक्षायें हैं जिनमें क्रमशः 40 , 50 और 60 छात्र दाखिल है। इन कक्षाओं का पास प्रतिशत क्रमशः 10 , 20 और 35 हैं। स्कूल की पास प्रतिशतता है :

(A) 15 (B) 20 (C) $23\frac{1}{3}$ (D) $26\frac{2}{3}$

**115.** यदि किसी रेजीमेंट में सिपाही 10 , 15 एवं 25 की पंक्तियों में खड़े हों और एक पूर्ण वर्ग बनाएँ, उनकी न्यूनतम संख्या है :

(A) 400 (B) 900 (C) 1600 (D) 2500

**116.** यदि किसी काम का $\frac{4}{7}$ वाँ भाग $\frac{7}{4}$ दिन में पूरा होता है, तब शेष काम को पूरा करने में कितना समय लगेगा ?

(A) $\frac{7}{3}$ दिन (B) $\frac{3}{7}$ दिन (C) $\frac{21}{16}$ दिन (D) $\frac{16}{21}$ दिन

**117.** एक कार 180 किलोमीटर की दूरी तय करने में तीन घण्टे लगाती है। यदि यह दूरी $2\frac{1}{2}$ घण्टे में तय की जाती हो, तब कार की चाल किलोमीटर प्रति घण्टा में होगी :

(A) 90 (B) 72 (C) 60 (D) 36

**118.** एक समान्तर चतुर्भुज में संलग्न भुजाओं की लम्बाई क्रमशः 11 एवं 13 मीटर है, यदि एक विकर्ण 16 मीटर है, तब दूसरे विकर्ण की लम्बाई है :

(A) $\frac{143}{16}$ मीटर (B) 16 मीटर (C) 18 मीटर (D) 15 मीटर

**119.** A , B एवं C की वर्तमान आयु का जोड़ 90 वर्ष है। छः वर्ष पहले उनकी आयु 1 : 2 : 3 के अनुपात में थी। C की वर्तमान आयु है :

(A) 33 वर्ष (B) 36 वर्ष (C) 42 वर्ष (D) 48 वर्ष

**120.** जिन अधिकतम छात्रों के बीच 429 आम और 715 संतरे समान सँख्या में बाँटे जा सकते हैं, उनकी संख्या है :

(A) 143 (B) 286 (C) 429 (D) 572

Adda247

GET IT ON Google Play

# भाग–3 ( तार्किक परीक्षा )

**प्रश्न संख्या 121 से 125 के लिये निर्देश :**

*नीचे दी गई जानकारी ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसके बाद दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

एक परिवार के सभी छः सदस्य A , B , C , D , E एवं F एक साथ यात्रा कर रहे हैं। B , C का पुत्र है लेकिन C, B की माता नहीं है। A और C एक विवाहित जोड़ा है। E, C का भाई है और D, A की पुत्री है। F, B का भाई है।

121. B की माता कौन है ?

(A) F (B) E (C) D (D) A

122. A के कितने बच्चे हैं ?

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

123. निम्न में से कौन सा महिलाओं का जोड़ा है ?

(A) AD (B) AE (C) BD (D) DF

124. D के साथ E का क्या सम्बन्ध है ?

(A) पिता (B) मामा (C) चाचा (D) भाई

125. परिवार में पुरुष सदस्यों की संख्या कितनी है ?

(A) 5 (B) 4 (C) 3 (D) 2

**प्रश्न संख्या 126 से 130 के लिये निर्देश :**

*नीचे दी गई श्रृंखला में से लुप्त संख्या बताइए :*

126. 15, 16, **?** , 29, 45, 70

(A) 20 (B) 22 (C) 24 (D) 25

127. 2, 3, 5, 8, 13 **?**

(A) 16 (B) 18 (C) 21 (D) 19

Adda247 GET IT ON Google Play

128. 46080, 3840, 384, 48, ?, 2, 1

(A) 36 (B) 30 (C) 24 (D) 8

129. 1 , 5, 9 ? , 25 , 37 , 49

(A) 13 (B) 17 (C) 19 (D) 21

130. 11, 12, 17, 18, 23, 24, ?

(A) 28 (B) 29 (C) 30 (D) 35

**प्रश्न संख्या 131 से 135 के लिये निर्देश :**

*नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में दो कथन दिये गये हैं जिसके बाद I और II के रूप में दो निष्कर्ष दिये गये हैं। आपको इन दो कथनों को सही मानना है भले ही वे सामान्य तथ्यात्मकता की दृष्टि से भिन्न-भिन्न हों। दोनों निष्कर्षों को पढ़ लीजिए और फिर सामान्य तथ्यात्मकता की अनदेखी करते हुए यह तय कीजिए कि दिये गये दो कथनों से तार्किक रूप से कौन से निष्कर्ष निकलते हैं। अपना उत्तर इस प्रकार दीजिए।*

(A) यदि केवल निष्कर्ष I निकलता है।

(B) यदि केवल निष्कर्ष II निकलता है।

(C) यदि न तो I न ही II निष्कर्ष निकलता है।

(D) यदि I और II दोनों निष्कर्ष निकलते हैं।

Adda247

131. **कथन :** सभी लड़के ईमानदार हैं।

हिमाँशु ईमानदार हैं।

**निष्कर्ष :** I. हिमाँशु एक लड़का है।

II. सभी ईमानदार व्यक्ति लड़के हैं।

132. **कथन :** कुछ कमरे पत्थर हैं।

सभी पत्थर रेडियो हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ कमरे रेडियो हैं।

II. कुछ पत्थर कमरे हैं।

Adda247
GET IT ON Google Play

133. **कथन :** सभी चिडियाँ पेड़ हैं।
कुछ पेड़ मुर्गियाँ हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ चिड़ियाँ मुर्गियाँ हैं।
II. कुछ मुर्गियाँ पेड़ हैं।

134. **कथन :** सभी किताबें पेन्सिल हैं।
सभी पेन्सिल फूल हैं।

**निष्कर्ष :** I. सभी किताबें फूल हैं।
II. कुछ पेन्सिले किताबें नहीं है।

135. **कथन :** सभी सड़कें खम्भे हैं।
कोई भी खम्भा घर नहीं हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ सड़कें घर हैं।
II. कुछ घर खम्भे हैं।

**प्रश्न संख्या 136 से 140 के लिये निर्देश :**

*इन प्रश्नों में दो शब्द दिये गये हैं जिनका एक दूसरे के साथ कुछ सम्बन्ध हैं, जिसके बाद शब्दों के ऐसे चार युग्म दिये गये हैं जिनके बीच वैसा ही सम्बन्ध हैं जैसा कि मूल युग्म में हैं। सही युग्म का चयन कीजिए।*

136. दीमक : लकड़ी
(A) नीम : कपास
(B) रेशा : पटसन
(C) शलभ : ऊन
(D) धागा : वस्त्र

137. बैरा : बख्शीश
(A) छात्र : अंक
(B) कामगार : बोनस
(C) मोबाइल : आटोमोबाइल
(D) क्लर्क : रिश्वत

138. कहानी : उपन्यास
(A) समुद्र : महासागर
(B) स्कूल : विश्वविद्यालय
(C) किताब : शब्दकोश
(D) कविता : नाटक

Adda247

GET IT ON Google Play

**139.** थर्मामीटर : तापमान

(A) लम्बाई : चौड़ाई

(B) मिलीमीटर : पैमाना

(C) सौर ऊर्जा : सूर्य

(D) कार्डियोग्राफ : हृदयगति

**140.** लुगदी : कागज़

(A) सूत : वस्त्र

(B) रस्सी : सन

(C) रेयन : सेल्यूलोस

(D) धागा : सुई

**प्रश्न संख्या 141 से 145 के लिये निर्देश :**

*नीचे दी गई जानकारी ध्यान से पढ़िये और निम्न प्रश्नों का उत्तर दीजिए।*

| अंक | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संकेत | A | B | J | I | H | C | D | E | G | F |

I. यदि कोई संख्या विषम अंक से शुरू होती है, उस अंक का संकेत 'X' होगा।

II. यदि किसी संख्या का अन्तिम अंक सम है , तब उस अन्तिम अंक का संकेत 'Y' होगा।

III. यदि 4 अथवा 9 किसी संख्या के शुरु या अन्त में से कहीं भी नहीं आता हो तब 4 और 9 का संकेत 'Z' होगा।

**141.** निम्न में से किसका संकेत निश्चित रूप से I C B Z E H J A G के रूप में होगा ?

(A) 4 2 6 4 8 5 3 1 9

(B) 4 6 2 4 8 5 3 1 9

(C) 4 6 2 9 8 5 3 1 9

(D) 4 6 2 4 8 5 3 1 9 अथवा 4 6 2 9 8 5 3 1 9

**142.** निम्न में से कौन 11111 के वर्ग का संकेत है ?

(A) X B J Z H Z J B A

(B) A B J Z H Z J B X

(C) X B J I H I J B X

(D) X A A A A

**143.** निम्न से कौन 6 4 8 9 1 2 5 2 का संकेत हैं ?

(A) C Z E G A B H B

(B) C I E G A B H Y

(C) C I E G A B H B

(D) C Z E Z A B H Y

Adda247
GET IT ON Google Play

144. निम्न में से कौन 1 2 3 4 9 6 8 8 का संकेत हैं ?

(A) A B J I G C E E
(B) X B J I G C E E
(C) X B J Z Z C E Y
(D) A B J Z Z C E E

145. निम्न में से किसका संकेत X Z A D F F Z B Y के रूप में हो सकता है ?

(A) 9 4 1 7 1 0 4 2 4
(B) 9 4 1 7 0 0 9 2 4
(C) 4 4 1 7 0 0 9 2 9
(D) 7 3 1 7 0 0 9 2 6

**प्रश्न संख्या 146 से 150 के लिये निर्देश :**

*नीचे एक जोड़ दिया गया है जिसके प्रत्येक वर्ण एक अंक विशेष का परिचायक है लेकिन कोई भी वर्ण 3 तथा 4 का परिचायक नहीं है :*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | W | H | O | M |
| + | A | M | O | D |
| A | M | E | N | D |

146. यदि उपर्युक्त प्रश्न में हम जोड़ने के बजाए घटायें, तब निम्न में से कौन उत्तर का परिचायक होगा ?

(A) EOWD
(B) MODE
(C) HOME
(D) MADE

147. वर्ण 'D' कौन से अंक का परिचायक है ?

(A) 2
(B) 5
(C) 6
(D) 8

148. WHOM किसका परिचायक है ?

(A) 9756
(B) 8765
(C) 9675
(D) 9760

149. जोड़ में प्रयुक्त सबसे बड़े अंक का परिचायक कौन सा वर्ण है ?

(A) H
(B) E
(C) W
(D) O

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

150. जोड़ में प्रयुक्त दोनों संख्याओं का गुणनफल करने पर 8 अंकों की संख्या के इकाई एवं दहाई अंकों के परिचायक वर्ण हैं :

(A) WE (B) MM (C) OM (D) MD

**प्रश्न संख्या 151 से 155 के लिये निर्देश :**

*नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर निम्न प्रतीक- अक्षर - संख्या श्रृंखला के आधार पर दीजिए।*

E G 4 B H 7 5 @ K 8 D N £ Q Z $ W 3 C 1 9 * L B 2 S 6

151. यदि पहले 15 अवयवों को विपरीत क्रम में लिखा जाए तो निम्न में से कौन दायें किनारे से 12 वें अवयव के बाद बायें से 7 वें स्थान पर होगा ?

(A) 7 (B) @ (C) K (D) 5

152. निम्न में से कौन बायें किनारे से नौवें और दायें किनारे से सातवें के एकदम मध्य में हैं ?

(A) Q (B) $ (C) Z (D) W

153. ऊपर दी गई श्रृंखला में ऐसे व्यंजनों की संख्या कितनी हैं, जिसके ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में एक अंक है ?

(A) 1 (B) 2 (C) 3 (D) 4

154. निम्न में से कौन दायें किनारे से 19 वें अवयव के दायें 7 वें स्थान पर होगा ?

(A) $ (B) N (C) £ (D) Z

155. उक्त श्रृंखला में ऐसे अंकों की संख्या कितनी हैं जिनके ठीक पहले और ठीक बाद में अंक हैं ?

(A) कोई नहीं। (B) 1 (C) 2 (D) 3

Adda247

GET IT ON Google Play

**प्रश्न संख्या 156 से 160 के लिये निर्देश :**

*निम्न प्रश्नों में दी गई विभिन्न मदों/ पदार्थों के बीच का सम्बन्ध निम्न चित्रों में से कौन सर्वोत्तम ढंग से व्यक्त करता है ?*



(A) (B) (C) (D)

156. टेनिस के प्रेमी, क्रिकेट के खिलाड़ी, छात्रगण

157. संगीतज्ञ, वादक, वायलिनवादक

158. अभिनेता, गायक, लेखक

159. कुष्ठ, रोग, स्कर्वी

160. फूल, कपड़े, सफ़ेद

- o 0 o -

Adda247